अव्यवस्था चार साल पहले एनटीपीसी के माध्यम से प्राप्त होने वाली सीटी स्कैन मशीन के प्रयास क्यों हुये ठंडे

शासकीय चिकित्सालय में सीटी स्कैन मशीन की व्यवस्था नहीं लगी

नरसिंहपुर/गाडरवारा। जब कोई विपत्ति सामने आकर खड़ी हो जाती है तो लोगों को स्वास्थ्य सेवा हो या फिर अन्य कोई दूसरी कमी दिखाई देने लगती है और परेशानी से लड़ने के लिये तुरंत व्यवस्थाये करते हुये देखा जाता है जो निश्चित तौर से उस कहावत को चरितार्थ करते हुये जान पड़ता है की अब आग लगने के बाद कुंआ खोदने का क्या मतलब, कुछ इसी प्रकार की सच्चाई हमारे क्षेत्र में भी दिखाई देने से नही चूक पा रही है।

ज्ञात हो कि नगर के शासकीय चिकित्सालय में सीटी स्कैन मशीन की स्थापना हेतु एनटीपीसी पावर प्लांट के माध्यम से लगभग चार-पांच साल पहले 10 लाख रूपया की राशि जमा की गई थी। इस जमा की गई राशि पर क्षेत्रवासियों ने जब गौर करना शुरू किया गया था तब कोरोना महामारी की दूसरी लहर पूर्ण शबाब पर रहते हुये आमजन की जिन्दगी को धीरे धीरे निगलते चली जा रही थी और उस समय नगर के शासकीय चिकित्सालय में बडे ही जोरों से सीटी स्कैन मशीन स्थापित करने का मुद्दा उठने से नही चूक रहा था। वही एनटीपीसी द्वारा नगर के शासकीय चिकित्सालय में एक सीटी स्कैलन मशीन के लिये घोषणा की गई थी। जिसकी सच्चाई अप्रेल 2021 में यह बात सामने उभर कर आई हुई थी कि नगर के शासकीय चिकित्सालय में सीटी स्कैन मशीन की स्थापना 10 लाख रूपया की राशि जमा की गई है। इस संबंध में जब 16 अप्रैल 2021 में जब नगर शासकीय चिकित्सालय के तत्कालीन प्रभारी डा राकेश बोहरे से चर्चा की गई थी तो उनके बताया गया था कि जैसे ही राशि प्राप्त होती है टेंडर प्रकिया शुरू कर दी जायेगी। एक से दो महीने में मशीन स्थापित हो जाती है अभी चल रहे कोरोना काल व मौसमी बीमारियों के चलते उसकी ज्यादा डिमाड है। चिकित्सालय प्रबंधन को जैसी ही राशि प्राप्त होगी तो मशीन लगवा दी जावेगी। वही दूसरी ओर 16 अप्रैल 2021 में जब एनटीपीसी के तत्कालीन जन संपर्क अधिकारी निखिल स्वामी से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि जिला प्रशासन के अनुरोध पर सीटी स्कैन मशीन के लिये एनटीपीसी द्वारा बीते हुये फरवरी माह यानि की 2021 में 10 लाख 50 हजार रूपया की राशि जिला प्रशासन के पास जमा कर दी गई है जो मशीन की कुल कीमत से 25 प्रतिशत होती है। बाकी राशि जैसे ही मशीन का आर्डर करेगे प्रदान की दी जायेगी। उस समय इस सच्चाई को लेकर शासकीय चिकित्सालय प्रभारी का कहना था कि राशि प्रदान करते ही टेन्डर की प्रक्रिया शुरू कर दी जावेगी तो दूसरी ओर एनटीपीसी जन संपर्क अधिकारी का कहना था कि हमारे द्वारा जिला प्रशासन के अनुरोध पर सीटी स्कैन के लिये पैसा जमा कर दिये गये है उस समय सबाल यह पैदा हो रहा है कि निश्चित ही एनटीपीसी द्वारा राशि को जिला प्रशासन के पास जमा किये हुये तीन माह का समय बीत चुका था। मगर किसी भी प्रकार की कोई प्रक्रिया शुरू न होना जिला प्रशासन की उदासीनता का प्रमाण उजागर होने से नही चूक पा रहा था इस सच्चाई को अप्रेल 2021 में मीडिया द्वारा लगातार उजागर किया गया था तो इस मामले को उस समय तत्कालीन कलेक्टर भरत सिंह यादव द्वारा गंभीरता से लेते हुये उस राशि को शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा रोगी कल्याण समिति में जमा करने की बात कही गई थी वही तत्कालीन जिला कलेक्टर भरत सिंह यादव ने 25 अप्रैल 2021 चर्चा में बताया गया था कि एनटीपीसी द्वारा जो राशि जमा की गई थी।

राशि जमा होने की जानकारी

शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा की रोगी कल्याण समिति के खाते में 23 अप्रैल 2021 को जमा कर दिया गया है। इससे सी.टी. स्कैन मशीन के आर्डर के लिये आगे की प्रक्रिया की जा सकेगी। इसके उपरांत जब पुन: 25 अप्रैल 2021 को नगर के चिकित्सालय के तत्कालीन प्रभारी डॉ. राकेश बोहरे से चर्चा की गई थी तो उनका कहना था कि जिला प्रशासन द्वारा राशि जमा किये जाने की जानकारी मिली है। मगर अब सबमें बड़ी समस्या मशीन को प्राप्त करने की है। क्योंकि जब फरवरी माह में एनटीपीसी द्वारा जिला प्रशासन के खाते में राशि जमा की गई थी उस समय सप्लायर से बात हुई थी तो वह मशीन देने के लिये तैयार था तथा उस दौरान समाजसेवी शैलेन्द्र जैन ने भी पूरा भरोसा दिलाया गया था कि यदि तत्काल राशि की जरूरत पड़ेगी तो वह सहयोग करेगे। मगर वर्तमान समय में जो स्थिति बनी हुई है उसमें मशीन का सप्लाई होना कठिन जान पड़ रहा है।

दीनबंधु महिला ग्रुप की अनूठी पहल

करेली। करेली के हर धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक एवं जन हित कार्यों में अग्रणी संस्था दीनबंधु महिला ग्रुप ने शिक्षा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कामथ वाचनालय करेली में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 100 से अधिक उपयोगी बुक्स प्रदान की साथ ही छात्रों के लिए ऑनलाइन अध्ययन हेतु वाचनालय में मुफ्त वाई-फाई सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे वाचनालय में कम समय में अधिकाधिक अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो सकें यह पहल उन विद्यार्थियों के लिए बेहद मददगार साबित हो रही है, सीमित संसाधनों के कारण उचित तैयारी नहीं कर पा रहे थे। दीनबंधु ग्रुप की महिला सदस्यों ने बच्चों की पढ़ाई में आने वाली छोटी-छोटी दिक्कतों को भी गंभीरता से लिया और मिल बैठकर समाधान निकाला। एवं सभी से अपील की है कि वे वाचनालय की इन सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि करेली का हरि विष्णु कामथ वाचनालय अब सिर्फ एक पठन स्थल नहीं, बल्कि छात्रों की सफलता का केंद्र बनता जा रहा है। वाचनालय प्रबंधन और वहां अध्ययनरत छात्रों ने इस उल्लेखनीय सहयोग के लिए दीनबंधु महिला ग्रुप का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

खाली पड़े प्लाटों से बन रही दुर्घटनाओं की संभावना

गाडरवारा। शहर के वार्डो व कालोनियों तथा अन्य जगहों पर संपन्न माने जाने वाले लोगों ने प्लाट खरीद तो लिए है किन्तु इन प्लाटों का वर्षो से उनके द्वारा मकान नही बनवाये जा रहे है और ये प्लाट वर्तमान में बिना धनीधोरी के दिखायी पड़ने लगे है।

जानकारी के अनुसार नगर में सालों से उपेक्षित खाली पड़े प्लाटों में हर साल बारिश के दिनों में पानी भरने तथा गंदगी व्याप्त होने के साथ साथ आवरा जानवरों के जमावड़े से ये प्लाट कई जगह बड़े गड्ढों में तब्दील हो गए है तथा इनमें मच्छर पनपने से इनके आसपास रहने वाले लोगों को घातक बीमारियों की चपेट में आने का डर सताने लगा है। बताया जाता है कि नगर के कुछ संपन्न लोगों ने मकान बनाने के प्रयोजन के चलते नजूल भूमि के कुछ प्लाट हथियाकर अपने कब्जे में ले रखा है पर अभी तक उनका उपयोग न होने से ऐसे प्लाट समस्याओं का सबब बने हुए है। शहर के वार्डो, कालोनियों के निवासियों का कहना है कि मूसलाधार बारिश होने के दौरान खाली प्लाट पाने से सरोबार हो जाते है जिसके चलते इनमें अनेक तरह के जीवजंतु पनपने लगते है, बारिश के मौसम में भय लगा रहा है कि इन गंदगी, पानी से भर प्लाटों के पास सुबह, शाम खेलने वाले बच्चों के साथ कोई अप्रिय घटना घटित न हो जाये शहर में मांग उठ रही है कि नपा प्रशासन जहां तहां खाली पड़े प्लाटों के मालिकों को अपने प्लाटों की जनहित में घेराबंदी कराने और उन्हें गंदगी मुक्त बनाने के लिए दबाव डालने की कार्यवाही कर शहरवासियों को राहत प्रदान करे।

मृतकों के परिजनों को प्राप्त हुई आर्थिक राशि

साईखेड़ा। विगत कुछ दिनों पूर्व नगर परिषद साईंखेड़ा के वार्ड क्र.5 निवासी घनश्याम पिता शंकर लाल नोरिया, राजा पिता स्वर्गीय खुमान कहार की नर्मदा नदी में डूबने के कारण मृत्यु हो गई थी, जिसकी जानकारी नगर परिषद अध्यक्ष स्वाति सचिन अग्रवाल ने तत्काल माननीय मंत्री उदय प्रताप सिंह को प्रेषित करते हुए निवेदन किया उक्त गरीब परिवारों को शासन द्वारा आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाए, माननीय मंत्री ने गंभीरता दिखाते हुए तुरंत तहसीलदार श्रीवास्तव को राज्य शासन राशि उपलब्ध कराने हेतु दिशा निर्देश जारी किए जिसके परिणाम स्वरूप आज माननीय मंत्री ने दोनों पीड़ित परिवारों को 4-4 लाख रुपये की स्वीकृती राशि जारी की।

लाखों की लागत से बना शौचालय, लगा रहा स्वच्छता सर्वेक्षण को ग्रहण

गाडरवारा। नगर पालिका की संपूर्ण व्यवस्था भगवान भरोसे होने जैसा नजारा इस समय जिस प्रकार से दिखाई दे रहा है कि नगर साफ सफाई व्यवस्था जहां पटरी से उतरी हुई दिखाई पड़ रही है। वही दूसरी ओर से प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर फैल रही गंदगी नपा के स्वच्छता सर्वेक्षण को ग्रहण लगाने में भी कोई कसर नही छोड़ रही है इस बात की सच्चाई इस समय नगर की पानी टंकी के पास आसानी से देखने मिल सकती है जहां पर लाखों की लागत से बने हुये डीलक्स पैशाव घर से निकली वाली गंदगी कॉम्प्लेक्स की दुकानों के चारो ओर फैलने के कारण इससे निकलने वाली दुर्गन्ध के चलते आमजन का सांस लेना मुश्किल हो गया है। बताया जाता है कि बीते हुये कुछ वर्ष पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा लाखों रूपया की लागत लगाते हुये यहां पर डीलक्स स्थिति के रूप में इस सोच के चलते पैशाव घर का निर्माण कराया गया था कि यहां पर लगने वाले सब्जी बाजार सहित परिसर कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों व आमजन के लिये पैशाव घर की व्यवस्था बन जावेगी, जिसके चलते शुरूआती तौर में तो इस पैशाब घर की नियमित साफ सफाई होते हुये दिखाई दे रही थी। मगर बीते हुये कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि शायद ही कभी इस पैशाब घर की सफाई होते हुये देखी गई हो इस स्थिति के चलते जहां लाखों रूपया की लागत से बना हुआ डीलक्स पैशाब घर गंदगी से बजबजा रहा है। वही दूसरी ओर इससे निकलने वाली गंदगी काम्प्लेक्स में आमजन के लिये बनाये गये रास्ते पर बहकर आने के कारण लोगों का यहां से सिर्फ निकलना ही नही बल्कि इस गंदगी से उठने वाली दुर्गन्ध के चलते इस काम्प्लेक्स के दुकानदारों सहित नगरवासियों का सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है।

नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण एवं रक्तदान शिविर

गोटेगांव। अत्यंत हर्ष का विषय है कि परम आराध्य पश्चिमाम्नाय अनंत श्री विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का 67वें पावन जन्मोत्सव के मंगल अवसर पर परमहंसी झोतेश्वर ईशानी देवी चिकित्सालय में आगामी 11 अगस्त दिन सोमवार को प्रात: 10 बजे से विशाल स्वास्थ परीक्षण ,निशुल्क दवा वितरण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन श्री आद्वय शंकराचार्य शिक्षा विकास समिति श्रीनगर द्वारा संचालित श्री जगतगुरु शंकराचार्य महाविद्यालय श्रीनगर एवं श्री शंकराचार्य नेत्रालय के विशेष सहयोग से आयोजित है। इस विषय शिविर में क्षेत्र के जनसाधारण के लिए डॉक्टर विशेषज्ञ अपनी सेवाएं 10 बजे से 4 बजे तक देंगे आप सभी संपूर्ण क्षेत्रवासियों से भव्य विशाल शिविर का लाभ लेकर अपनी निशुल्क जांच करायें एवं निशुल्क दवाइयां प्राप्त कर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की।

एक नजर में

भाईयों की कलाई पर बहिनों ने बांधीं स्नेह की डोर

तेंदूखेड़ा। भाई बहन के रिश्ते अटूट प्रेम का प्रमुख त्यौहार रक्षाबंधन पर्व पर भाईयों की कलाई पर बहिनों ने स्नेह की डोर बांधकर रक्षा का संकल्प लिया। सुबह से ही अच्छी खासी चहल-पहल देखने को मिली। एक दिन पूर्व से ही कपड़ा मिठाई और राखी की दुकानों पर भारी भीड़ भाड़ रही। छोटे छोटे बच्चों ने अपनी अपनी पसंद की राखी बंधवाई। तिलक लगाकर हाथों में रक्षा सूत्र बांधकर आरती उतारी मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। भाईयों के द्वारा उपहार स्वरूप गिफ्ट भेंट किये गये। चूंकि इस वर्ष सुबह से ही विशेष मुहूर्त होने के कारण रक्षाबंधन बांधने का सिलसिला देर रात्रि तक चलता रहा।

कृष्णा ने किया जिले का नाम रोशन एकलव्य पुरस्कार से नवाजे गए

तेंदूखेड़ा। विगत दिनों समीपी पिंडरई खला राजमार्ग निवासी प्रतिष्ठित मिश्रा परिवार के जगदीश प्रसाद मिश्रा के सुपुत्र राकेश मिश्रा के बेटे कृष्णा मिश्रा ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित होने पर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा भी विगत दिनों सम्मानित किया है। कृष्णा की इस सफलता पर शुभचिंतकों ने बधाईयां प्रेषित की हैं। कृष्णा सुशील मिश्रा के नाती एवं वरिष्ठ नेता संजीव मिश्रा के परिजन हैं।

कजलियां पर्व आज

तेंदूखेड़ा। अन्न को साक्षी मानकर आपसी बुराईयों को दूर कर सौहार्द प्रेम स्नेह भाईचारा बनाए रखने का त्योहार कजलियां पर्व आज रविवार को मनाया जाएगा।दोपहर कजलियों की पूजन के उपरांत एक दूसरे से कजलियों का आदान-प्रदान किया जायेगा। लोग शोकाकुल परिवारों में पहुंच कर कजलियां लेकर एक दूसरे के सुख दुख में शामिल होकर संबल प्रदान करेंगे।

दो युवक लापता

गोटेगांव। बीते दिनों पुलिस थाना गोटेगांव के पटेल वार्ड निवासी शिवम कुशवाहा 28 साल एवं श्रीनगर गांव निवासी मनोज मराबी 25 साल श्रीनगर निवासी अपने घर से बिना बताए कहीं चले गए। जिनका कोई पता नहीं चलने पर पुलिस ने उनके परिवारजनों की रिपोर्ट पर गुमइंसानी का अलग- अलग मामला कायम किया है।

महिला से की छेड़छाड़

गोटेगांव। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एक नाबालिग के खिलाफ छेड़खानी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि महिला का आरोप है कि नाबालिग ने उसके घर में घुसकर झूमाझटकी करते हुए छेड़छाड़ की। पुलिस ने महिला की शिकायत पर नाबालिग के खिलाफ धारा 74, 75, 115, 131 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

श्रीमति त्रिशावती का निधन

गोटेगांव। विगत दिवस समीपवर्ती ग्राम कंजई के प्रतिष्ठित नागरिक डॉक्टर श्यामसिंह ठाकुर की परमपूज्य माताश्री वयोवृद्ध श्रीमती त्रिशावती सिंग का 90 वर्ष की आयु में अचानक हृदयगति रुक जाने की वजह से आकस्मिक निधन हो गया, आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व की महिला थी, आपके निधन का समाचार प्राप्त होते ही परिवारजनों व शुभचिंतकों सहित संपूर्ण ग्राम में गहरा शोक व्याप्त हो गया, अंतिम संस्कार शवयात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रति निधियों व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने मुक्तिधाम में बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थितजनो ने सिंगजी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकसंतृप्त परिवारजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की।

संगीतमय सुंदरकांड पाठ का समापन

तेंदूखेड़ा। पावन श्रावण मास पर संपूर्ण क्षेत्र में आध्यात्मिक माहौल बनाये रखने के साथ श्री राम चरित मानस पाठ को घर घर गान करने के जन-जागरण को लेकर श्री राम रसिया भक्त मंडल द्वारा हर साल पूरे मास भर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का बृहद स्तर पर आयोजन किया जाता है। जिसमें नगर के सभी विद्वान पंडितों सभी वर्गों के लोगों युवाओं के द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया जाता है। युवा वर्ग संगीत की लहरियों में मंत्रमुग्ध होकर झूमते हुए सुंदरकांड पाठ किया करते हैं।श्री हनुमान मंदिर दादा दरबार से शुरू होकर श्रावण मास की पूर्णिमा तक आयोजन किया जाता है।नगर के प्रतिष्ठित सिद्ध स्थल हरसिद्धि मंदिर में समारोह पूर्वक समापन किया गया जिसमें सभी विद्वान पंडितों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। गौरतलब रहे कि नगर में अब जन्मदिन शादी की सालगिरह पुण्य तिथि पर्व विशेष पर लोगों में धार्मिक आयोजन सुंदरकांड पाठ का आयोजन।

मुगवानी में विधायक ने विद्यार्थियों को साईकिल वितरित की

गोटेगांव। विगत दिवस समीपवर्ती ग्राम मुंगवानी स्थित पीएम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में क्षेत्रीय विधायक महेंद्रनागेश की गरिमामई उपस्थिति में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, सर्वप्रथम मां सरस्वती मैयाजी का पूजन अर्चन किए जाने के उपरांत विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिल वितरित करने के उपरांत क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश ने कहाकि यह पहल ना केवल शिक्षा की ओर उनके कदमों को और मजबूत करेगा, बल्कि आत्म निर्भरता की दिशा में भी यह एक सशक्त कदम है, उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहाकि मुझे विश्वास हैकि वे शिक्षा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते हुए ग्राम समाज व जिले का नाम रोशन करेंगे, इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष रवीन्द्र पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि पदाधिकारी कार्यकर्ता शिक्षक शिक्षिकाएं विद्यालय स्टाप व छात्र छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही ।

मंदिर जाओ तो निष्छल होकर जाओ

गोटेगांव। जिस जैनी को वीतरागी प्रभु ने जियो और जीने को संदेश दिया है तो वह जैनी यह भी जानता है कि उसे दूसरों के साथ स्वयं को भी कैसे जीना है। आप अपने मन को निश्छल, निष्कपट बना लो। जिनेंद्र भगवान के मंदिर में निश्छल ,निष्कपट, पवित्र हृदय होकर ही प्रवेश करना, वरना आपका मंदिर जाना बेकार है, क्योंकि धर्म छल कपट को पसंद नहीं करता है। जिनेन्द्र भगवान वीतरागी हैं। इसलिए तुम भी यह घमंड कभी मत करना कि मंदिर इसका है या मंदिर उसका है। मंदिर इसका या उसका कभी नहीं होता बल्कि मंदिर तो सदैव भगवान के होते हैं। यह उच्च मार्गदर्शी,श्रेष्ठ धर्मपरायण बात गोटेगांव नगर के श्री शांतिनाथ जिनालय में विराजमान मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी ने उन अचेतन, असंयमी श्रावकों के लिए कहीं जो मंदिरों को भी इसके उसके बीच बांटने का कार्य करते हैं। मुनि श्री ने कहा कि संकट की घड़ी में धर्म ही रक्षा करता है। धर्म कभी भी कायरता नहीं सिखलाता और ना ही धर्म कायर होता है। धर्म भी ईंट का जवाब पत्थर से देना जानता है। अविवेकी, मूर्ख लोग सदैव धर्म पर प्रहार करते हैं। लेकिन जब उन पर धर्म की मार पड़ती है, तो फिर किसी लायक न रहकर कहीं के नहीं रह जाते। धर्म के साथ कभी भी किसी भी स्थिति में तुम छेड़छाड़ नहीं करना। तुम कभी भी धर्म का माखौल मत बनाना। जिसने भी भूलवश या जानबूझकर कभी धर्म का माखौल उड़ाया है उसे सदैव मुहं की खानी पड़ी है। यदि धर्म का सम्मान नहीं कर सकते तो धर्म का अपमान भी नहीं करना। ध्यान रखना आज जो भी अच्छा बुरा होता है वह आपके अपने कर्मों के कारण होता है। मुनि श्री ने कहा आज दुनिया में जो भी बुराइयां आ रही हैं वह केवल पाप कर्म एवं धर्म का अनादर करने से आ रही है। जबकि होना यह चाहिए कि यदि धर्म के ऊपर, गुरुओं के ऊपर, शास्त्रों के ऊपर, मंदिरों के ऊपर कभी भी संकट आए तो आपको उसकी रक्षा करनी चाहिए। मुनि श्री ने वचनों की महत्वता बतलाते हुए कहा कि त्याग एवं त्यागी की महिमा भी अपरंपार होती है।

वैदिक परम्परा के अनुसार श्रावणी उपाकर्म आयोजित

तेंदूखेड़ा। श्रावण पूर्णिमा पर नर्मदा तटों पर श्रावणी उपाकर्म क्षेत्र के ब्राह्मणों द्वारा सम्पन्न किया गया।श्रावणी उपाकर्म सनातन का अति महत्वपूर्ण महापर्व है। श्रावणी आत्म शुद्धि आध्यात्मिक उत्थान स्वाध्याय ऋषियों के प्रति कृतज्ञता एवं सम्मान व्यक्त करने वाला पर्व है। श्रावणी उपाकर्म ज्ञात अज्ञात पापों के प्रायश्चित सुसंस्कारों के विकास स्वाध्याय एवं वैदिक ज्ञान की प्रेरणा देने वाला पर्व है।

हमारे क्षेत्र के विद्वान पौरोहित्य कर्मकांड स्नातक आचार्य प्रमोद पचौरी ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि श्रावणी उपाकर्म के तीन पक्ष हैं प्रायश्चित संस्कार और स्वाध्याय । सभी ब्राम्हणों ने विधिवत मंगलाचार के साथ जलाशय कर्म में तीर्थ पूजन पंचगव्य प्राशन ज्ञात अज्ञात समस्त पाप दोषों की निवृत्ति के लिए हेमाद्रि संकल्प गण स्नान किया। भस्म मृत्तिका गोमय आदि से स्नान के बाद अपामार्ग कुशा दूर्वा आदि से मार्जन किया। स्नानांग तर्पण मध्यान्ह संध्या सूर्य उपस्थान ब्रह्म यज्ञ तर्पण आदि क्रियाओं के बाद संस्कार स्वाध्याय के क्रम में गणेश कलश पूजन उपरांत सप्तर्षियों का पूजन किया गया। यज्ञोपवीत का विधिवत पूजन कर सभी विद्वानों ने देवताओं और अपने पितरों को यज्ञोपवीत समर्पित करके नवीन यज्ञोपवीत धारण किया। ऋषि तर्पण के साथ ऋषि वंश वाचन अध्धयन क्रम में वेद मंत्र पाठ ऋषि श्राद्ध के बाद रक्षाबंधन कर देव विसर्जन किया गया। श्रावणी उपाकर्म में ब्राह्मणों के अलावा क्षेत्र के अन्य लोग भी सम्मिलित रहे।

कार्यालय नगरपालिका परिषद गोटेगांव, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)

(Email : cmogotegaon@mpurban.gov.in)

पत्र क्रं. 491/ ई-टेण्डर/ 2025-26 गोटेगांव, दिनांक :- 08/08/2025

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

स. क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	2025_UAD_443298_1 08/08/2025	निकाय अंतर्गत 03 नग स्मार्ट फिश पार्लर का निर्माण कार्य।	05 माह 1255129.00	2000.00 9420.00	12/09/2025

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

सभापति लोक निर्माण शाखा नगर पालिका परिषद, गोटेगांव | अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोटेगांव | मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद गोटेगांव